हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, गुरुवार, 26 दिसंबर 2024

## ऑटो डील के ऑफिस से कार चुरा कर फरार हुए आरोपी

**नागपुर.** पाचपावली पुलिस थाना अंतर्गत एक ऑटो डील व्यवसाई के ऑफिस में सेंधमारी कर चोरों ने एक कार और सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चुरा लिया, जिनकी कुल कीमत 462000 बताई जा रही है। यह घटना कामठी रोड पर स्थित एक ऑटो डील के ऑफिस में हुई। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता असीम अख्तर अब्दुल सलाम अंसारी (42) मोमिनपुरा, तहसील निवासी का कामठी रोड पर जी-9 नाम से ऑटो डील" का ऑफिस है। असीम 23 दिसंबर 2024 को रात 8:30 बजे ऑफिस बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह 10:30 बजे जब वह ऑफिस पहुंचे, तो पाया कि उनके ऑफिस के शटर के दोनों ताले टूटे हुए हैं।

# फडणवीस का नेतृत्व महाराष्ट्र में लाएगा बदलाव: गडकरी

## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मंत्रियों का सत्कार समारोह आयोजित







**नागपुर.**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने विश्वास व्यक्त किया है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का कर्तृत्व महाराष्ट्र में सकारात्मक बदलाव लाएगा। गडकरी ने कहा, "महाराष्ट्र की जनता ने बीजेपी को बड़ी सफलता दी। देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व को पहले भी जनता ने सराहा है। नगरसेवक, महापौर, विधायक, मुख्यमंत्री, विपक्ष के नेता और उपमुख्यमंत्री जैसे अहम पदों पर काम करने का उनका अनुभव बेजोड़ है। अब एक बार फिर मुख्यमंत्री बने फडणवीस का नेतृत्व महाराष्ट्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।" यह बातें गडकरी ने नागपुर के क्रीड़ा चौक स्थित ईश्वर देशमुख कॉलेज के मैदान में आयोजित सम्मान समारोह में कहीं। इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नागपुर महानगर और जिला इकाई की ओर से किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, पूर्व सांसद अजय संचेती और डॉ. विकास महात्मे समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

अटलजी की विचारधारा को अपनाने का आह्वान गडकरी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि उनके विचार हमें प्रेरणा देते हैं। "अटलजी ने हिंदुत्व और राष्ट्रीयता को भारतीयता के रूप में परिभाषित किया। उन्होंने हमें राष्ट्रवाद का मंत्र दिया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि हर धर्म का सम्मान जरूरी है। उनके विचारों को आगे बढ़ाना हमारा कर्तव्य है," गडकरी ने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा कोई प्राइवेट पार्टी नहीं है, बल्कि यह कार्यकर्ताओं की पार्टी है। "देवेंद्र फडणवीस भी इसी पार्टी की परंपरा से आगे बढ़े हैं। यह पार्टी ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करती है, जिन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण से अपनी पहचान बनाई है," उन्होंने कहा।

फडणवीस का जवाब: मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने सम्मान के जवाब में कहा, "आज का सत्कार मेरे लिए विशेष है। यह उस दिन हो रहा है, जो अटलजी की जन्मशताब्दी का दिन है। साथ ही यह सत्कार उस नेता (नितिन गडकरी) के हाथों हो रहा है, जिनका मार्गदर्शन मेरे जीवन में बेहद अहम रहा है। यह सम्मान मेरे लिए घर के बड़े द्वारा दिया गया आशीर्वाद है।" फडणवीस ने अपने राजनीतिक सफर को याद करते हुए बताया कि 1992 में नितिन गडकरी के कहने पर उन्होंने पहली बार नगरसेवक का चुनाव लड़ा और यहीं से उनकी राजनीतिक यात्रा शुरू हुई।

भाजपा विधायकों का सम्मान कार्यक्रम में विदर्भ के सभी भाजपा विधायकों और मंत्रियों का सम्मान किया गया। इनमें आदिवासी विकास मंत्री अशोक उईके, गृह राज्य मंत्री पंकज भोयर, श्रम मंत्री आकाश फुंडकर, रणधीर सावरकर, सुमित वानखेडे, राजेश वानखेडे, प्रवीण तायडे, समीर मेघे, मोहन मते, आशीष देशमुख समेत कई विधायक शामिल थे। राज्यसभा सदस्य डॉ. अनिल बोंडे का भी इस अवसर पर सत्कार किया गया। गडकरी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अब जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दें। उन्होंने कहा, "हमारी जिम्मेदारी अब बहुत बड़ी है। किसानों, दलितों, आदिवासियों, युवाओं और मजदूरों के जीवन को बेहतर बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। यही अटलजी के विचारों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।"



## नौकरानी ने ही घर से चुराए थे गहने, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नागपुर.**

सदर पुलिस थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा किए गए चोरी के मामले में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। महिला आरोपी ने 3,25,000 रुपये कीमत के सोने के गहनों की चोरी की थी।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित महिला जुलेका मोहम्मद अहमद (64 ) ने अपनी शिकायत में बताया कि वह 25 दिसंबर 2024 को अपने रिश्तेदारों के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए घर से बाहर गई थीं। वापस लौटने पर उन्होंने अपने गहनों को अलमारी में सुरक्षित रखा था। 29 दिसंबर 2024 को जब उन्होंने फिर से बाहर जाने के लिए अलमारी खोली, तो पाया कि उनके गहनों का एक बक्सा गायब था।

पीड़िता ने शक जताया था कि उनके यहां झाड़ू बर्तन का काम करने वाली आस्मा नामक महिला ने चोरी की है। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला आस्मा आतीफ अली (40) मंगलवारी, गड्डीगोदाम, गोवा कॉलोनी सदर निवासी को गिरफ्तार किया। आस्मा ने पुलिस पूछताछ में चोरी की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी हुए 3,25,000 रुपये कीमत के सोने के गहने बरामद किए।

## स्वरधारा के संगीत शो 'आसमान से आया फरिश्त' को अच्छा अच्छा रिस्पॉन्स

### > मोहम्मद रफी साहब का 100वां जन्मदिन मनाने के लिए प्रस्तुत

**नागपुर.**

अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर में आयोजित अपने पहले के तीन कार्यक्रमों को मिली जबरदस्त अच्छा रिस्पॉन्स से उत्साहित होकर, स्वरधारा समूह ने मंगलवार को हिंदी मोर भवन में मोहम्मद रफी साहब का 100वां जन्मदिन मनाने का कार्यक्रम प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का आयोजन चंद्रशेखर तासगांवकर द्वारा किया गया था। प्रकाश पांडे ने गाया तुम किसी को जस को जाते हुए देखा है, मैं जट यमला पगला दीवाना, राधिके धुन बनसरी चुराई, चंद्रशेखर तासगांवकर




प्रस्तुत किए गए शीर्षक गीत, आसमान से आया फरिश्त, कैसे काटेगी जिंदगी तेरे बागेर, हमको तो जान से प्यारी है तुम्हारी आंखें। श्रीकांत पैठणकरसंग, दीवाना मुझसा नहीं, कभी खुदपे कभी हालत पे, है दुनिया उसिकी।विजय रामटेके ने प्रस्तुत किया, जवानिया ये मस्त मस्त बिन पिए, मन मोरा बावरा दरदे मिन्नत काशे दिया ना ह्यूई।विवेक सकदेव ने गाया, 'शादी मनवा' रफी साहब का एक मराठी गीत, रोशन तुमसे दुनिया। रोहिणी पाटनकर ने मेरा मन तेरा प्यासा, एक एकल गीत गाया। इसके अलावा उन्होंने तीन युगल गीत गाए, चूरा लिया है तुमसे, मेरी जा बल्ले बल्ले और आज कल तेरे मेरे प्यार के चर्चा। श्राद्ध दौ, प्रस्तुत किया गया तुम मुझे भुला ना पाओगे, अकेले है चले आओ, और कितना प्यारा वादा है और दीवाने है दीवानों को न घर चाहिये।संजय कुलकर्णी ने एक कवाली में गाया, "पर्दा है पर्दा" और एंकर अशोक गांधी ने गाया, "हमदम मेरे मान भी जाओ"।सभी गानों को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला। कार्यक्रम का समापन आयोजक चंद्रशेखर तासगांवकर द्वारा प्रस्तुत फिल्म हकीकत से एक नज़्म, "मैं ये सोचकर उस्के दर्से उथा था" के साथ हुआ। अशोक गांधी ने कार्यक्रम की एंकरिंग की और संजय कुलकर्णी ने तकनीकी सहायता प्रदान की कार्यक्रम हाउस फुल था।ऑर्गेनाइज़र श्री के लिए स्वर्दारा के अगले संगीत कार्यक्रम के बारे में जनता द्वारा कई पूछताछ की गई।



## लॉटरी के नाम पर खेला जा रहा था जुआ

**>पुलिस ने छापा मार कर दो को किया गिरफ्तार, 58,360 रुपये का सामान भी जप्त**

**नागपुर.** क्राइम ब्रांच की यूनिट 3 की टीम ने छापा मार कारवाई कर लॉटरी पर जुआ खेलने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे गणेशपेठ थाना क्षेत्र के भोईपूरा मच्छी मार्केट स्थित एक दुकान में की गई।

क्राइम ब्रांच यूनिट 3 की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि भोईपुरा में कुछ लोग प्रतिबंधित लॉटरी पर जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना के आधार पर टीम ने छापेमारी की और जुआ खेलने वाले आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा। गिरफ्तार आरोपी गौरव राजेश नान्हे (22), मटीपुरा जूनी मंगलवारी, जयप्रकाश शंकर मस्के (42 ) द्वारका नगरी खरबी निवासी का समावेश है जो कि अपने साथी भाई की मदद से जुआ खेल रहे थे। अब पुलिस बाबा भाई की भी तलाश कर रही है।

पुलिस ने उनके पास से 2 कम्प्यूटर, सी.पी.यू, कीबोर्ड, 2 प्रिंटर, इंटरनेट राउटर, 4,250 रुपये नकद और अन्य सामान कुल मिलाकर 58,360 रुपये का माल जप्त किया। आरोपी गौरव नान्हे और जयप्रकाश मस्के के खिलाफ महाराष्ट्र जुआ कानून के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और आगे की जांच के लिए गणेशपेठ पुलिस के हवाले कर दिया है।

## प्रतिबंधित नायलॉन मांजे की बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार



**नागपुर.**

क्राइम ब्रांच की यूनिट 1 की टीम ने मंगल शाम को यशोधरा नगर पुलिस थाना अंतर्गत एक दुपहिया सवार को नायलॉन मांजे के साथ गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच यूनिट 1 के अधिकारियों और कर्मचारियों को पेट्रोलिंग के दौरान यशोदरा नगर पुलिस थाने के नागलोक क्षेत्र में मोपेड पर संदिग्ध व्यक्ति को देखा और उसे रोका। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से १८ चकरी नायलॉन मांजा बरामद हुआ। आरोपी ने अपनी पहचान शिवराम बकाराम महाहे (55), इंदिरा नगर, भीलगांव निवासी के रूप में दी।

आरोपी के पास से बरामद कुल माल की कीमत ₹7000/- रुपये है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 223 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 5 और 15 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए यशोधरानगर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## कपड़े की दुकान से 1.25 लाख रुपये का माल चोरी

**नागपुर.** लकडगंज थाना क्षेत्र के गांधी गेट मार्केट स्थित एक कपड़े की दुकान से अज्ञात चोरों ने 1.25 लाख रुपये मूल्य का सामान चुरा लिया। यह घटना 23 दिसंबर की रात 11:10 बजे के करीब हुई, जब दुकान के मालिक ईशांत दिपक मुबे (34) अपनी दुकान को बंद कर घर चले गए थे। इशांत की टेलीफोन एक्सचेंज के पास गांधी गेट मार्केट, सीए रोड में कपड़े की दुकान है। रात के समय चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और काउंटर में रखे 35,000 रुपये की नगद राशि के अलावा विभिन्न कपड़ों का माल और दो लगेज बैग चुरा लिए। कुल मिलाकर चोरी की गई सामग्री की कीमत लगभग 1.25 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने फिर्यादी ईशांत गुबे (34) टेलर लाइन छावनी, सदर निवासी ने इस घटना के संबंध में लकडगंज पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस उपनिरीक्षक कोल्हे ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया है.

## विशेष न्यायालय ने 3 आरोपियों को सुनाया 8 वर्ष का सश्रम कारावास

**नागपुर.** नागपुर के विशेष मोक्का न्यायालय ने २४ दिसम्बर २०२४ को एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया। न्यायालय ने पुलिस थाना पाचपावली के एक मामले में तीन आरोपियों को सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मोक्का के तहत नामजद आरोपी अजय तुमान चिचखेडे (२१), सुरेन्द्र उर्फ मोनू मनोज समुद्रे (१९ ), और आकाश नरेन्द्र नामुलकर (२६) को विभिन्न आरोपों में दोषी ठहराया गया और सजा सुनाई गई।

इन आरोपियों पर आरोप था कि इन्होंने फिर्यादी प्रतिक परमानंद तलरेजा के पिता का अपहरण कर, उन्हें जान से मारने का प्रयास किया था। यह घटना कॅफे रूप बार, कमाल चौक, नागपुर में हुई थी, जहाँ आरोपी एक संगठित साजिश के तहत घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे। आरोपियों ने फिर्यादी के पिता को जख्मी कर उन्हें अपहरण कर लिया था, ताकि उन्हें जान से मार सकें।

पुलिस ने आरोपीयों के खिलाफ 7मई 2018 को मामला दर्ज किया और आरोपियों को गिरफ्तार किया। न्यायालय ने कलम 307, 364, 34 भा.दं.वि. के तहत आरोपियों को 8 साल का सश्रम कारावास और प्रत्येक पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना न भरने पर अतिरिक्त 3 महीने का कारावास भी सुनाया गया। साथ ही, कलम 387, 34 भा.दं.वि. के तहत 5 साल का सश्रम कारावास और प्रत्येक पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना न भरने पर 45 दिनों का अतिरिक्त कारावास भी सुनाया गया। इस मामले की जांच और अभियोजन पक्ष का नेतृत्व सहायक पुलिस आयुक्त भालचंद्र पंढरीनाथ मुंडे ने किया। सरकारी वकील ॲड. अभय जिकार ने कोर्ट में अभियोजन पक्ष की ओर से तर्क प्रस्तुत किए, जबकि आरोपी के पक्ष की पैरवी ॲड. हर्षल लिंगायत ने की। इस मामले में कोर्ट के पैरवी अधिकारी पोहवा निवृत्ती चांभारे, अपेक्षा बोटेले और पपीता कन्हेरे ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




CMYK



# उमरेड में युवा महोत्सव पर पुरस्कार वितरित

**उमरेड.** उमरेड यूथ फाउंडेशन की ओर से आयोजित युवा महोत्सव 2024 अंतर्गत 12 उम्र गट के ऊपर के छात्रों के लिए एकल डान्स स्पर्धा का सफल आयोजन किया गया. यह स्पर्धा उमरेड शहर के पं. दीनदयाल नाट्य सभागृह में आयोजित की गई. इस समारोह में नारायण एसोसिएशन संचालक केशवराव चीचघरे, राम कलेक्शन प्रतिनिधि मोरेश्वर उराडे, ग्रीन एकर ऍग्रो. ट्रेडिंग संचालक राकेश घुगुसकर, संस्था संस्थापक अनिलकुमार गोविंदानी, अध्यक्ष दीपक पटले, संस्थापक पूर्वाध्यक्ष प्रदीप चिंदमवार, पूर्व अध्यक्ष संजय मौदेकर, संयोजक सचिन कुहीकर, सचिव गौरव रहाटे आदि की प्रमुखता से उपस्थिति थी. इस स्पर्धा में प्रथम उर्वशी पलांदुरकर, द्वितीय विओनिशा मोहरकर, तृतीय रोशनी कुहिकर तथा प्रोत्साहन पुरस्कार प्रतीक मेश्राम ने पाया. संचालन समर भगत ने किया. आभार गौरव रहाटे ने माना. स्पर्धा का परीक्षण सुगित उराडे, निनाद मोहुर्ले आदि ने किया. सफलतार्थ विजय जयस्वानी, आशीष वंजारी, सुरेश तिवाडे, तोसिफ शेख, विक्रांत वरघने, सौरभ भिवगड़े, नरेंद्र बालपांडे, केशव मांढरे, किशोर आदमने, आनंद पुनवटकर, प्रफुल वाघमारे, शुभम सिर्सीकर, विश्वास लाडेकर, मुकेश गौतम, श्रीकांत बोरकर, जय मुलचंदानी, समर भगत, प्रांजल डहाके, रितेश राऊत, संजय चाचरकर, आशीष वंजारी, अजय कावले, सचिन जोधे, भूपेश पाठराबे, प्रेम गावंडे, दिनेश ढेबुदास, राकेश जामखंडे, प्रतीक बेगानी आदि ने सहयोग किया.

# काटोल नगर परिषद को देश में शीर्ष स्थान दिलाने के लिए विधायक चरण सिंह ठाकुर का संकल्प

**काटोल.**

काटोल विधानसभा क्षेत्र के विधायक चरण सिंह ठाकुर ने कहा कि वह काटोल नगर परिषद को देश में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने और काटोल को जिला का दर्जा दिलाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने खुद को आम जनता का "आमदार" नहीं बल्कि "कामदार" बताया।

विधायक ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त देश निर्माण के सपने को साकार करने और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस व राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के सहयोग से काटोल विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।



उन्होंने कहा कि 20 साल पहले जब उन्हें काटोल नगर परिषद के अध्यक्ष का मौका मिला था, तो उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से नगर परिषद को एक आदर्श नगर परिषद बनाने में सफलता हासिल की। इस अनुभव ने उन्हें विधानसभा में जीत दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई।

कोंढाली नगर पंचायत के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए उन्होंने नगर पंचायत प्रशासक धनंजय बोरिकर को एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिए।

यह बातें उन्होंने काटोल नगर परिषद के प्रशासक धनंजय बोरिकर की अध्यक्षता में आयोजित अभिनंदन समारोह में कहीं। उन्होंने सभी कर्मचारियों को परिवार का सदस्य मानते हुए उनकी सुरक्षा और हितों को प्राथमिकता देने का वादा किया।

इस मौके पर मुख्य प्रशासक धनंजय बोरिकर, प्रो. देवीदास कठाने, जिला परिषद सदस्य समीर उमप, कृषि मित्र और कृषि उपज बाजार समिति के संचालक दिनेश ठाकरे, सभापति संजय डांगोरे, पूर्व उपाध्यक्ष मारोतराव बोरकर, पूर्व नगरसेवक राठी सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम का प्रास्ताविक और संचालन नामदेव बारई ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन नगर परिषद स्कूल क्रमांक 2 के प्राचार्य भस्मे और उमेश हेंबाडे ने किया।

## डार्क जोन से बाहर निकालने का प्रयास

चरण सिंह ठाकुर ने कहा कि उनका मुख्य फोकस काटोल और नरखेड़ क्षेत्र को डार्क जोन से बाहर निकालने, संतरा-मौसंबी प्रक्रिया उद्योग शुरू करने और क्षेत्र के समग्र विकास पर रहेगा। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन लाख से अधिक नागरिकों की सुविधा और विकास के लिए सरकार से विकास निधि लाने का प्रयास करेंगे।

# गौड समाज परिषद द्वारा बोनालु (कलश) शोभायात्रा का आयोजन

**खापा.**

गौड समाज विकास परिषद, खापा, जिला नागपुर के सौजन्य से कोराडी स्थित जगदंबा माता (रेणुका माता मंदिर) में हाल ही में बोनालु (कलश) शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में गौड समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मंदिर के मुख्य द्वार से रेणुका माता मंदिर तक बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली।



कार्यक्रम के संयोजक वेंकटेश तालपल्लीवार ने बताया कि इस अवसर पर समाज के प्रमुख व्यक्तित्वों का सत्कार किया गया। इनमें डॉ. नितीन गोम्मनवार (कैंसर विशेषज्ञ), स्वाती येरोला, ईश्वर गौड बोलगमवार, राजूजी पदरेवार, विठ्ठल गुरमवार आदि शामिल थे।

कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता अंजय्या मुसनमवार, मल्लीशेम येरोला, बुरागोनी गुणवंत गौड, पांडुरंग मेरकुलवार, रवि मेरगुरवार, दामदेव मंडलवार, श्रीनिवास येरोला, नारायण सिल्लेवार, प्रकाश कोरटकर, रमेश सिल्लेवार जैसे गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने हिस्सा लिया। इनमें लक्ष्मी पंडलवार, संध्या गोडसेलवार, लयरी तालपल्लीवार, माधुरी तालपल्लीवार, सुजाता बुरागोनी, पद्मा बन्तीनवार, नम्रता बलगमवार, सौम्या उत्तमवार, शोभा कोलावार, सुरेखा कुंभरेवार आदि प्रमुख रूप से शामिल थीं। उन्होंने अपनी पारंपरिक देवी की आराधना कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ज्ञानेश्वर नायडू, अंजया तालपल्लीवार, राजू मंन्तपूरीवार, कृष्णा नमलेवार, गणेश गुडलवार, श्रीनिवास तालपल्लीवार, हरिदास पल्लेवार और अन्य समाज बंधुओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के बाद महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से आए बड़ी संख्या में गौड समाज के महिला एवं पुरुषों ने भाग लिया। यह आयोजन गौड समाज की एकता, परंपरा और धार्मिक आस्था का प्रतीक बनकर सफल रहा।

# सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत के विरोध में जनाक्रोश मोर्चा को मिला प्रतिसाद

**कामठी.** परभणी में संविधान प्रत की विडंबना के विरोध में किए जा रहे आंदोलन दौरान पकडे गए भीम सैनिक सोमनाथ सूर्यवंशी की पुलिस कस्टडी में मौत होने पर जिम्मेदार पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की मांग का ज्ञापन समता सैनिक दल सहित आंबेडकरी संघटना व शहर के संविधान प्रेमियों की ओर शुक्रवारी बाज़ार से एक जनाक्रोश मोर्चा विभिन्न रास्तों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम से प्रेषित ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार राजीव बमनोटे को सौंपा गया. निवेदन में कहा गया कि परभणी में किसी असामाजिक तत्व द्वारा संविधान प्रत की विडंबना की गई थी. जिसके विरोध में हजारों भीम सैनिकों द्वारा आंदोलन किया गया था. इस आंदोलन के दौरान भीम सैनिक सोमनाथ सूर्यवंशी को गिरफ्तार किया गया था. जिसकी पुलिस कैद में मारपीट के कारण उसकी मौत हो गई थी. इस हत्या प्रकरण में जवाबदार पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों पर कडी कार्रवाई करने की मांग की गई. साथ ही जन आक्रोश मोर्चा में भारतीय संविधान के संस्थापक डॉ. बीआर अंबेडकर का कथित रूप से अपमान करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह पर कार्रवाई करते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की गई है. परिवार को एक करोड़ रुपया आर्थिक मदद के साथ परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने की भी मांग के साथ परभणी प्रकरण में निरपराध युवाओं पर लगे आरोप को दोषमुक्त किया जाए. ज्ञात हो कि कानून समेत उनकी मांगें 30 दिनों के भीतर पूरी नहीं की जाती है तो मजबूर होकर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई है.




# शंकरराव चव्हाण इंग्लिश स्कूल मे स्पोर्ट्स डे मनाया गया

**खापरखेडा.** हाल ही में शंकरराव चव्हाण इंग्लिश स्कूल के मैदान में वार्षिक खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक डॉ.आशीष देशमुख ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खापरखेड़ा थर्मल पावर स्टेशन के मुख्य अभियंता विराज चौधरी तथा मुख्य अतिथि की तौर पर कल्याण अधिकारी आनंद वाघमारे, कार्यकारी अभियंता धारस्कर, सुरेंद्र यावले, स्कूल संस्था के सचिव ईश्वर राऊत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर चौधरी, पूर्व समाज कल्याण सभापती दिपक गेडाम,भानेगाव सरपंच शालिनी चवरे,भाजपा के रमेश जैन, प्राचार्य विमलप्रकाश मिश्रा, किशोर बक्सरिया, सुनील जालंदर, गणेश चिखले, सहायक पुलिस निरीक्षक खाड़े,कमलेश भास्कर, अरुण अंजनकर, विपीन नाईक, श्यामराव सरोदे, विलास महल्ले, राजेश गायकवाड, चंद्रशेखर पानतावणे, मुख्याध्यापिका मोनाली सुरकार प्रमुखता से उपस्थित थे।होते. ईस अवसरपर नवनिर्वाचित विधायक डॉ.आशिष देशमुख और रेस क्रॉस इंडिया स्पर्धा में उत्कृष्ठ कामगिरी करनेवाले विपीन नाईक ईनका शाल श्रीफल व स्मृतीचिन्ह देकर सत्कार किया गया। वार्षिक खेल दिवस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मॉडलों की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था।इसके अलावा मॉडल लेज़िम, योगा, डम्बल, एरोबिक्स, डांस,ओढणी डांस आदि प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का संचालन वेदिका ढगे शबीना मंसूरी ने किया तथा आभार जवेरिया शेख ने माना।



**पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी महत्व देना चाहिए: देशमुख**

छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए दैनिक जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी महत्व देना बहुत जरूरी है। क्रिकेटर उमेश यादव ने उत्कृष्ट क्षेत्र और अभ्यास के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम बनाया है। मैदान के विकास के लिए बिजलीघर प्रशासन ने प्रयास करना चाहिए। विधायक डॉ. आशीष देशमुख ने विद्यालय के विद्यार्थियों से क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी खेल मैदान में प्रवेश देने की अपील की।



# भव्य विरोध मार्च निकालकर केंद्रीय गृह मंत्री से माफी और इस्तीफे की मांग

**सावनेर.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कथित अपमानजनक बयान के खिलाफ अंबेडकरवादियों और संविधान प्रेमियों ने भव्य विरोध मार्च निकालकर अपनी नाराजगी जाहिर की। यह मार्च सावनेर के डॉ. बाबासाहब अंबेडकर पुतला बस स्टेशन से शुरू हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों के हाथों में डॉ. बाबासाहब अंबेडकर की तस्वीरें और अमित शाह के विरोध स्वरूप पोस्टर थे।

विरोध मार्च का उद्देश्य केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा संसद में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के खिलाफ दिए गए कथित बयान की निंदा करना और उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और इस्तीफे की मांग करना था। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि केंद्र सरकार की निष्क्रियता के कारण देश में गुंडागर्दी, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, और विपक्षी दलों के कार्यालयों पर हमले बढ़ रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर संसद में दिए गए बयान से बाबा साहेब अंबेडकर और देश की जनता की भावनाओं को ठेस पहुंची है।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



### सुशीला नवलकिशोर दुबे

**नागपुर.** कॉर्पोरेशन कॉलनी, नागपुर निवासी सुशीला नवलकिशोर दुबे का बुधवार, 25 को दोपहर 3:00 बजे निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार अंबाझरी दहन घाट पर किया गया.

# बाबासाहब का अपमान सहन नहीं करेगा हिंदुस्थान, प्रचंड गर्जना के साथ निकला मोर्चा

**काटोल.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के बारे में दिए गए अपमानजनक बयान के विरोध में आज काटोल में एक विशाल धरना आंदोलन हुआ। डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर चौक पर एड. याज्ञवल्क्य जिचकार के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों नागरिक और कार्यकर्ता शामिल हुए।




धरने के दौरान एड. याज्ञवल्क्य जिचकार ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के बारे में जो अपमानजनक शब्द कहे, उसका हम विरोध करते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से अमित शाह का इस्तीफा मांगा और इस अपमान के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।

विरोध प्रदर्शन के बाद, सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने काटोल तहसील तक मार्च किया और वहां तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतरत्न डॉ. बाबासाहब अंबेडकर की प्रतिमा और संविधान को नमन करके की गई, इसके बाद "जय भीम" का नारा लगाते हुए बाबा साहेब के नाम की जयकारे किए गए। इस दौरान 'भीम गर्जना' के साथ एक निषेध रैली भी निकाली गई।

प्रदर्शन में जीवन गायकवाड, अजय ठाकरे, रवि काकडे, प्रशांत निकोसे, प्रशांत खाडे, विजय गोंडाने, प्रफुल्ल गायकवाड, प्रमोद मडके, सलीम शेख, सूरज काकडे, भूषण हिवसे, तलहा खान, प्रफुल्ल तागडे, नितिन अरघोड़े, यज्ञवेंद्र गावंडे, अंकित सिंह चव्हाण, मंगेश रामदे, ईश्वर तुमदाम, चिंटू राठौड़, धनराज दवारे, रिजवान शेख, चन्द्रशेखर जिचकर, पीयूष फिस्के, आर्यन नखले, प्रशांत मुंदाफले, हरीश चरपे, गौरव पोतदार, भगवान थोंबरे सहित बड़ी संख्या में युवा और नागरिक उपस्थित थे।

सभी ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि डॉ. बाबासाहब अंबेडकर का अपमान हिंदुस्थान सहन नहीं करेगा.



# अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा

**कोंढाली.** भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, सुशासन की प्रतिमूर्ति, भारत रत्न से अलंकृत एवं जन- जन के प्रिय, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 वीं जन्म जयंती पर उन्हें आदरपूर्वक नागपूर जिला भा ज पा मंत्री बाल किशन पालीवाल तथा भा ज पा के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं ने बालकिशन पालीवाल के निवास पर सभी ने नमन किया।

भारत रत्न अटल जी ने भाजपा की स्थापना से लेकर नए भारत के निर्माण के लिए निस्वार्थ भावना से देश व समाज की सेवा की। अपने दूरदर्शी नेतृत्व से उन्होंने भारत को विकास की नई ऊंचाइयां देकर सुशासन की परिकल्पना को चरितार्थ किया है। राष्ट्र निर्माण में उनके इस योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा।



# जनआक्रोश मोर्चा निकालकर मंत्री अमित शाह के वक्तव्य का किया निषेध

**खापरखेडा.**

खापरखेड़ा क्षेत्र में विविध संघटनाओं एंव नागरिकोंने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के व्यक्तव्य के विरोध में व परभणी की घटना के खिलाफ जनआक्रोश मोर्चा निकाला गया.ईन घटना के विरोध में सभी संविधानप्रेमी नागरिकों ने संताप की लहर उमड़ पड़ी। जहां पुरे राज्य में घटना का निषेध और दोषियों को कड़ी सजा की मांग की जा रही। बताया जा रहा है की खापरखेड़ा क्षेत्र के अन्नामोड़ से खापरखेडा पुलिस थाने तक भव्य जनआक्रोश मोर्चा निकाला। जिसमें आंदोलनाकरियों ने घटना का निषेध करते हुए केन्द्रीय मंत्री अमित शाह व महाराष्ट्र सरकार के विरोध में नारेबाजी की गई। घटना के निषेधार्थ चिंचोली ग्राम पंचायत की सरपंचा मिनाक्षीताई तागडे, रिपाई के नेते राहुल बागडे, वंचित बहुजन आघाडी के नेते अजय सहारे, राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पक्ष के नेते कपिल वानखेडे, भारतीय कॉंग्रेस पक्ष के नेते पुर्व सभापती अरुणाताई शिंदे,आम आदमी पार्टी के नेते बंडूभाऊ चौरागडे सह विविध सामाजिक संघटनाओं के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नागरिक आदि शिष्टमंडलने खापरखेड़ा पुलिस थानेदार द्वारा पंतप्रधान व मुख्यमंत्री को विविध मांग का निवेदन सौंपा गया। जिसमें परभणी घटना में मृत सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवार को सरकारी नौकरी व 1 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद करने की मांग तथा केंद्रीय मंत्री अमित शाह के वक्तव्य का निषेध किया गया।ईस जन आक्रोश मोर्चा में हजारों नागरिकों ने सहभाग लिया.

# डगलस मेमोरियल चर्च में हर्षोल्लास से मनाया गया क्रिसमस, पूर्व मंत्री सुनील केदार ने दी शुभकामनाएं

**सावनेर.**

शहर के डगलस मेमोरियल चर्च में प्रभु यीशु के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में क्रिसमस का पर्व बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पवित्र अवसर पर चर्च और परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और सजावट से खूबसूरती से सजाया गया था।

इस आयोजन में क्षेत्र के पूर्व विधायक और मंत्री सुनील केदार, वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीकांत पांडे, पूर्व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष और नगराध्यक्ष पवन जैस्वाल, चर्च के फादर मार्क साखरपेकर, श्रीमती साखरपेकर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत और केक कटिंग के साथ हुआ। इस दौरान प्रभु यीशु के जन्मदिवस को क्रिसमस के रूप में मनाया गया।

पूर्व मंत्री सुनील केदार ने उपस्थित क्रिश्चन समुदाय को क्रिसमस की बधाई देते हुए कहा, "भारत सर्वधर्म समभाव का प्रतीक है, जहां सभी जाति और धर्म के लोग सत्य, अहिंसा और शांति के मार्ग पर चलकर राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान दे रहे हैं। प्रभु यीशु द्वारा बताए गए मार्ग मानव जीवन को सार्थकता प्रदान करते हैं।"




चर्च के फादर मार्क साखरपेकर ने आयोजन में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, "यह एक ईश्वरीय कार्य है। हम धर्म के साथ-साथ समाज और मानव कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। यह कार्य मैंने नहीं चुना, बल्कि ईश्वर ने मुझे इसके लिए चुना है। पूर्व मंत्री सुनील केदार का योगदान गांव से लेकर राष्ट्र निर्माण तक सराहनीय है।"

इस अवसर पर समाजसेवी डोमासाव सावजी, मनोज बसवार, पूर्व नगरसेवक शफीक सैय्यद, सावनेर तालुका मराठी पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष निलेश पटे, युवक कांग्रेस के राजेश खंगारे, युवा समाजसेवी अश्विन कारोकार सहित अन्य कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। आयोजन की सफलता में जॉनी साखरपेकर, अशोक मेंढे, आकाश गोलाईत, अंकित मेंढे, वैभव मेंढे, शुभम निकोसे, अनोज वानखेड़े, कुणाल कोलते, धनलाल कोलते, संदेश ढोके, अमन चव्हाण, कुंदा मेंढे, संदेश गोंडाने, संचित गोंडाने, अरविंद अहिरवार, माया कोलते, शैला चव्हाण, हर्ष चव्हाण, दिनेश मछले, राष्ट्रपाल सोमकुवर, रेणू चवारे, शैनल मेंढे, भूपाली वानखेड़े समेत अन्य सदस्यों ने अथक परिश्रम किया।

जा. क्र. मरावमं/नोंदणी/1296/8004/2024
महाराष्ट्र राज्य वक्फ मंडळ,
छत्रपती संभाजीनगर.
दिनांक: 3 DEC 2024

संचिका क्र. ६४०/२०१३ नागपूर
जाहिर वक्फ प्रगटन
वक्फ अधिनियम १९९५ चे कलम-४१
पहा - वक्फ अधिनियम १९९५ चे कलम-४१

**प्रकरण :-** मदरसा व मस्जिद सय्यद जलालुदिन (मीर सुर्ख) रहेमतुल्ला अलैह, कसाबपुरा, ता. जि. नागपूर च्या संबंधीत अतिरिक्त मिळकती समाविष्ट करुन क्षेत्रफळ दुरुस्ती करणे बाबत.

मदरसा व मास्जद सय्यद जलालुद्दिन (पार सुर्ख) रहमतुल्ला अलंह, कसाबपुरा, ता. जि. नागपूर ही वक्फ संस्था महाराष्ट्र राज्य वक्फ मंडळात वक्फ अधिनियम १९९५ चे कलम ३६ नुसार नोंदणीकृत वक्फ संस्था आहे ज्याचा नोंदणी क्र MSBW/NGP/२०७/२०१४ असा आहे. श्री. मोहम्मद वसीम इकबाल, रा. कसाबपुरा, ता. जि. नागपूर यांनी या कार्यालयात दिनांक ०७/०८/२०२३ रोजी वक्फ अधिनियम १९९५ चे कलम ४१ अन्वये अर्ज देवुन सदर संस्था मध्ये खालील मिळकती समाविष्ठ करुन क्षेत्रफळ दुरस्ती करणे बाबत विनंती ऐली आहे.

त्यानुसार खालील परिशिष्ट-अ प्रमाणे समाविष्ट करणे वक्फ संस्थेचा वक्फ रजिस्टर-३७ मध्ये नोंद घेण्या करीता प्रस्ताव सादर केला आहे.

तरी या जाहिर प्रगटनाद्वारे जनतेस कळविण्यात येते की, परिशिष्ठ अ प्रमाणे उपरोक्त वक्फ संस्थेमध्ये मिळकत समाविष्ठ करण्याचहल जर कोणास काही नक्षेप उजर असल्यास त्यांनी (१५) पंधरा दिवसाचे आंत त्यांचे आक्षेप या कार्यालयात समक्ष हजर राहुन अभिलेखासह दाखल करावे. मुदत संपल्यानंतर परिशिष्ठ अ मध्ये नमुद केल्या प्रमाणे वक्फ संस्थेमध्ये मिळकत समाविष्ठ करन क्षेत्रफळ दूरस्ती करण्याची कार्यवाही पूर्ण करण्यात येईल व त्यानंतर कोणाचेही आक्षेप/उजर बाबतचा विचार केला जाणार नाही.

**परिशिष्ठ-अ**
**अर्जा प्रमाणे समाविष्ट करावयाचे मिळकतीचे तपशील**

| सद्याचे क्षेत्रफळ | रामाविष्ट करावयाचे क्षेत्रफळ | समाविष्ठ केल्यानंतर एकुण क्षेत्रफळ | सादर केलेले अभिलेख |
|---|---|---|---|
| ११३६.९० चौ. फु. कसाबपुरा शिट क्र. १६४ सिटी सर्वे क्र. २१० म्युन्सिपल मकान क्र. ८३९ | ३०० चौ. फु. शिट क्र. १६४ सिटी सर्वे क्र. २०३ म्युन्सिपल मकान क्र. ८४० | १४३६,९० चो. फु. | १) उदावत दस्त के नगन-६ ५६५१/२०२१ पान १ ते ४० दि. ०२/०९/२०२१ सत्यप्रत दि. ०१/०२/२०२४ (जि. नागपूर ध्या कॉर्पोरेशन घर नंबर ८४०, सिटी सर्व्हे नंबर २०३, शिट नंबर १६४) |

स्वा.-/ (जुनेद सय्यद)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
महाराष्ट्र राज्य वक्फ मंडळ, छत्रपती संभाजीनगर

# प्लास्टिक कचरा: मवेशियों के लिए बन रहा घातक

**गोंदिया.**



स्वच्छता अभियान के तहत शहर को साफ सुथरा रखने नगर परिषद प्रशासन की कवायदों के बीच शहर में कूड़ों पर पड़ा प्लास्टिक कचरा आवारा मवेशियों के लिए घातक साबित हो रहा है. प्रतिबंध के बावजूद दूकानदार नागरिकों को मजबूरी में ही सही पॉलीथिन में सामान देने के लिए विवश है. वहीं उपयोग के बाद कूड़े कचरे के ढेर में यहां वहां बिखरी पॉलीथिन की थैलियां पशुओं की जान से खिलवाड़ कर रही है. जिस दिन पॉलीथिन बंदी का निर्णय लिया गया और आदेश दिया गया कि जिस किसी भी दूकानदार के पास पॉलीथिन दिखाई देती है, उन पर कार्रवाई की जाए. उसके दो से तीन ही दिन शहर में कार्रवाई का ढिंढोरा पीटा गया. लेकिन अब यह अभियान थमा हुआ सा नजर आ रहा है. वास्तव में देखा जाए तो शहर में पॉलीथिन पर प्रतिबंध नहीं दिखाई दे रहा है. क्षेत्र में कई ऐसे मवेशियों को आसानी से दखा जा सकता है कि जिनका पाचन तंत्र डिस्टर्ब होने की वजह से गोबर उनकी नाक से निकलता रहता है. संभव है कि पॉलीथिन उनके पेट में जाने पर उनकी आंतों को ही अवरुद्ध कर देता हो. जिसकी वजह से उनका शौच निर्धारित जगह के बदले उनके नथुनों से निकलना शुरू कर देता है. पशुपालकों की माने तो ऐसे मवेशी जो पॉलिथीन थैलियों में भरकर फेंकी गई खाद्य सामग्री को खाने के चक्कर में पॉलिथीन निगल लेती है. कुछ दिनों के बाद मौत का शिकार भी हो जाती है. ऐसे में घातक पॉलिथीन बंदी को लेकर प्रशासन उदासीन नजर आ रहा है.

### कोई नहीं कर रहा आदेश का पालन

*❍ शासन की ओर से प्लास्टिक से निर्मित वस्तुओं पर बैन लगाया गया है. लेकिन शहर में कोई भी शासन द्वारा लगाए गए बैन का पालन नहीं कर रहा है. चारों ओर बड़े पैमाने पर पॉलिथीन का उपयोग किया जा रहा है. सब्जी बाजार में ग्राहकों को आसानी से पॉलिथीन उपलब्ध हो रही है. ऐसे में संबंधित विभाग भी उदासीन नजर आ रहा है.*

# ब्लैक लेडी फिल्म प्रोडक्शन हाउस मुंबई शाखा का उद्घाटन

**हिंगनघाट.**



शनिवार को ब्लैक लेडी फिल्म प्रोडक्शन हाउस मुंबई शाखा हिंगनघाट का उद्घाटन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस खास अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें नाटक, नृत्य, और गायन का संगीतमय प्रदर्शन हुआ।
कार्यक्रम के दौरान संगीत क्षेत्र के कई प्रमुख गायकों ने अपनी मधुर आवाज़ से मेहमानों का मनोरंजन किया। खासतौर पर, कलाकार उज्वला रोडगे और अभिनेत्री लीना पाटिल ने अपने नृत्य और नाटक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। इसके अलावा, आयोजक राधिका (मंगला ठक) ने भी अपनी नृत्य प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि के रूप में माननीय पीतांबर काले (निदेशक), माननीय पराग भावसार (निदेशक), कलाकार उज्वला रोडगे, अभिनेत्री लीना पाटिल समेत कई प्रमुख हस्तियां इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं।
साथ ही, गायकी के क्षेत्र से अजय चतारे, अरुण सुरजूसे, मुकेश रघाटाटे, नितिन तायडे, राहुल गायकवाड, सचिन डफरे, गणेश जोशी, गौतम कोठारी, और ज्योति कोचाडे ने अपनी अद्भुत गायकी प्रस्तुत की, जिससे कार्यक्रम को संगीतमय माहौल मिला। इस अवसर पर महेश अग्रवाल, किरण वैद्य, दुर्गाप्रसाद यादव, आरिफ भाई एडवोकेट, वकील साहब, प्रकाश चौधरी, शुभम् छब्बू, दीपक जाधव सहित कई सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र के प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया और कार्यक्रम को यादगार बनाया। कार्यक्रम में अभिनेत्री श्रीराधिका उर्फ मंगला ठक को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी गई। कार्यक्रम का संचालन ज्योति कोचाडे ने किया।

# गोंदिया जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्याधिक संवेदनशील



**गोंदिया.**

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण राज्य का औसत तापमान बढ़ेगा और सबसे पहले इसकी चपेट में आने वाले राज्य के 10 जिलों को अत्याधिक संवेदनशील घोषित किया गया है. जिला प्रशासन की जिम्मेदारी उन जिलों में परिवर्तन के लिए अनुकूल उपायों को लागू करने की है, लेकिन तस्वीर यह है कि सभी स्तरों पर उदासीनता है. अति संवेदनशील घोषित 10 जिलों में गोंदिया जिला भी शामिल है.
जलवायु परिवर्तन का अनियमित वर्षा, गंभीर सूखा, बड़ी बाढ़, मिट्टी में पोषक तत्वों का असंतुलन, जलजमाव, खाद्य सुरक्षा, बीमारी का प्रकोप, जंगल और पानी की उपलब्धता पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा. कुछ स्थानों पर बाढ़ या सूखे की घटनाएं बढ़ रही हैं. नंदुरबार जिला राज्य के सबसे संवेदनशील जिलों में पहले स्थान पर है. इसके बाद धुले, बुलढाणा, जलगांव, हिंगोली, नाशिक, जालना, गोंदिया, वाशिम और गढ़चिरोली जिले हैं. 2008 में केंद्र सरकार ने संभावित प्रभावों से निपटने के लिए राज्यों को राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना जारी की. अक्टूबर 2017 में राज्य के पर्यावरण विभाग ने उस योजना के अनुरूप उपाय लागू करने के निर्देश दिए थे. योजना में जलवायु परिवर्तन से प्रभावित जिलों का क्रम भी तय किया गया.
राज्य के जिलों का संवेदनशील सूचकांक निर्धारित कर लिया गया है. भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार योजना बनाकर जिला स्तर पर उचित योजना तैयार करने, उसके कार्यान्वयन के लिए निधि प्राप्त करने, परियोजनाओं को क्रियान्वित करने तथा पर्यावरण व नियोजन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने का भी आदेश दिया गया. लेकिन न कोई योजना है न कोई क्रियान्वयन, जिले में यही स्थिति है. सभी विभागों में समन्वय की जरूरत पर्यावरण को लेकर जिले की सांख्यिकीय जानकारी के अनुसार वन विभाग, पर्यावरण विभाग की ओर से पहल करना जरूरी है. इसके लिए तेजी से कदम उठाने के लिए सभी विभागों के साथ समन्वय बनाए रखना आवश्यक है.

# वर्धा जिले में अवैध शराब कारोबार पर कार्रवाई, 92 हजार का माल जब्त

**वर्धा.**




स्थानीय अपराध शाखा, वर्धा की टीम ने अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। समुद्रपुर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में गश्त के दौरान प्राप्त गोपनीय जानकारी के आधार पर टीम ने मौजा वायगांव हदेया में छाया खोबरे के घर की तलाशी ली। तलाशी में घर के भीतरी कमरे से 04 खड्डे के बक्से और 3 प्लास्टिक पन्नियों में शराब मिली। इसके अलावा, फ्रिज में कपड़े के थैले में सीलबंद शीशियां भी पाई गईं, जिनमें देशी शराब भरी हुई थी। यह शराब अजय हजारे और साहिल डुमर द्वारा लाई गई थी। मौके पर पंचनामा कर 800 सीलबंद शीशियां (90 एमएल) देशी शराब, 80 हजार रुपए नकद और एक सिल्वर हायर रेफ्रिजरेटर जब्त किया गया। कुल मिलाकर 92 हजार रुपए का माल जब्त किया गया। इस मामले में छाया रमेश खोबरे (60 वर्ष), अजय हजारे (सातगांव बुट्टीबोरी) और साहिल डुमर (समुद्रपुर) के खिलाफ पुलिस स्टेशन समुद्रपुर में शराब निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवड़े और वर्धा जिले के पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा द्वारा की गई। टीम में पो.अ अरविंद येनुरकर, रोशन निंबोलकर, रवि पुरोहित और अखिल इंगले शामिल थे।


# ढाई साल के बच्चे की गड्ढे में गिरने से हुई मौत

**हिंगनघाट.**

संत ज्ञानेश्वर वार्ड में देवांश कैलास चकोले ढाई साल के इस बच्चे की संडास के गड्ढे में गिरने से मौत हो गयी. बुधवार, 25 दिसम्बर को पुलिस से प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार कैलास चकोले का छोटा बेटा देवांश नजर नहीं आया तो माता-पिता ने उसकी तलाश की तब देवांश का शव उनके घर के पीछे निर्माणाधीन दरवरे के संडास के गड्ढे में पानी में पाया गया उसे इलाज के लिए उपजिला अस्पताल में दाखल कराया गया जहां डॉक्टर ने जांच बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में हिंगनघाट थाने में मामला दर्ज कराया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है.

# आज से सामाजिक रक्षा मुद्दे पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**वर्धा.**




महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान द्वारा अनुदानित विश्वविद्यालय के वर्धा समाज कार्य संस्थान की ओर से 26-28 दिसंबर को 'सामाजिक रक्षा मुद्दे पर समाज कार्य शिक्षकों हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है।
कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार, 26 दिसंबर को पूर्वाह्न 11:30 बजे दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में किया जाएगा। इस अवसर पर मातृ सेवा संघ, नागपुर के समाज कार्य विभाग के प्रो.केशव वाल्के विशिष्ट वक्ता होंगे। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिवसिंह बघेल करेंगे तथा कुलसचिव प्रो. आनंद पाटील धन्यवाद ज्ञापित करेंगे।
कार्यक्रम के संयोजक वर्धा समाज कार्य संस्थान के निदेशक प्रो. बंशीधर पाण्डेय एवं सहसंयोजक वर्धा समाज कार्य संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. के बालराजु होंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाराष्ट्र सहित उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात आदि राज्यों के विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के समाज कार्य विषय के 40 से अधिक शिक्षक सहभागिता करेंगे।
तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों में वक्तागण मार्गदर्शन करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आह्वान वर्धा समाज कार्य संस्थान के सहायक प्रोफेसर डॉ. शिवाजी जोगदंड, डॉ. गजानन निलामे, डॉ. ज्योति कुमारी ने किया है।

# जिले के बस स्थानकों की समस्या कायम



**गोंदिया.**

जिले में यात्रियों की सुविधा के लिए निर्माण किए गए बस स्थानकों की समस्या कायम है. विशेष बात यह है कि सड़क अर्जुनी व सालेकसा इस तहसील मुख्यालय में अब तक बस स्थानक का निर्माण नहीं किया गया है. इसी तरह आमगांव व गोरेगांव में बस स्थानक शहर के बाहर होने से बिना यात्रियों के दिखाई दे रहे है. रापनि के माध्यम से अनेक नए-नए उपक्रम क्रियान्वित किए जा रहे है. विशेषकर एसटी भी अब हायटेक हो गई है. जिससे यात्रियों को वाय फाय जैसी सेवा पूर्ति की जा रही है लेकिन जिले में बस स्थानक अपेक्षित सेवा देने में कम पड़ रहा है. जिले में सड़क अर्जुनी व सालेकसा इन दो तहसीलों में आज भी बस स्थानक का निर्माण नहीं किया गया है. गोंदिया-कोहमारा मार्ग पर गोरेगांव में पिछले 8 वर्ष पूर्व बस स्थानक का निर्माण किया गया. इस क्षेत्र के नागरिक पुराने यात्री निवास पर बस की प्रतीक्षा करते है. वहीं बस स्थानक कार्यालय में केवल विद्यार्थियों के पासेस तैयार किए जा रहे हैं.
वहीं असामाजिक तत्वों का जमावड़ा दिखाई देता है. सड़क अर्जुनी में बस स्थानक बनाने की मांग वर्षों से की जा रही है लेकिन अब तक बस स्थानक बनाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है. इसी में यात्री निवास की हालत जर्जर हो चुकी है. इस परिसर में गंदगी व कचरा फैला पड़ा रहता है. इस बस स्टॉप पर बना यात्री निवास खाली पड़ा रहता है. जिससे नागरिक बाहर खड़े होकर बसों की प्रतीक्षा करते है. इसी तरह सालेकसा में बस स्थानक निर्माण नहीं किया गया है. इस स्थान पर यात्री निवास भी नहीं है. यात्री निवास के नाम पर केवल एक टीन का शेड लगाया गया है. जिससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

# महामार्गों पर डिवाइडर के अभाव में बढ़ रही दुर्घटनाएं

**गोंदिया.**



जिले के 5 से 6 महामार्गों को राष्ट्रीय राज्य मार्ग का दर्जा दिया गया है. इसी के अनुरूप इस राष्ट्रीय राज्य मार्ग का चौड़ाईकरण व नव निर्माण किया जा रहा है. इनमें से कुछ मार्गों के कार्य पूरे हो चुके हैं जबकि कुछ निर्माणाधीन हैं. वहीं ये मार्ग संचार और विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन सड़क विभाजन की कमी के कारण ये राष्ट्रीय राज्य मार्ग अब दुर्घटनाओं का प्रवेश द्वार बनते दिख रहे हैं. ऐसे में उक्त मार्ग से यात्रा करना जानलेवा साबित होता जा रहा है.
जिले के गोंदिया -आमगांव, आमगांव -देवरी, गोंदिया -गोरेगांव -घोटी, कोहमारा- अर्जुनी मोरगांव, तिरोड़ा- गोंदिया, तिरोड़ा- तुमसर राज्य मार्गों को राष्ट्रीय राज्य मार्ग का दर्जा दिया गया है. इनमें से देवरी- आमगांव, गोंदिया -गोरेगांव- घोटी, कोहमारा- अर्जुनी मोरगांव का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है.
अन्य मार्ग निर्माणाधीन हैं. देश में मार्ग विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं. मार्ग संचार का मुख्य साधन हैं और मार्ग शहर, गांव और समग्र राज्य और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. इसके अनुसार जिले में कुल 5 से 6 राष्ट्रीय राज्य मार्ग निर्माणाधीन हैं. जिले में जहां सैकड़ों किलोमीटर नए और पुराने मार्गो के कार्य किए जा चुके है, वहीं इन पर काम भी चल रहा है. लेकिन दूसरी ओर सरकार के मानक के अनुरूप बनाए जा रहे राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर शहरी क्षेत्र को छोड़कर अन्य स्थानों पर रोड़ डिवाइडर उपलब्ध नहीं कराए गए हैं.
अत: इन मार्गों के समतल हो जाने पर भी वाहनों का आवागमन बढ़ गया है. वाहनों की रफ्तार भी बढ़ गई है. जिससे इन मार्गों पर कई तेज रफ्तार वाहन दौड़ते नजर आते हैं. लेकिन मार्गों पर डिवाइडर न होने के कारण कई दुर्घटनाएं भी बढ़ी हैं. आजकल जिले में हादसों में बढ़ोतरी हो गई है और कई लोगों की जान भी जा चुकी है. कितने ही लोगों को विकलांगता स्वीकार करनी पड़ी है. फिर मार्ग बना, अब नागरिक इन मार्गों पर रोड़ डिवाइडर देने की मांग की जा रही हैं.

# 24 साल बाद भी भंडारा से चल रहा कामकाज

## > खाद्य व औषधि प्रशासन का कामकाज रामभरोसे

**गोंदिया.**



1 मई 1999 को भंडारा जिले से अलग होकर गोंदिया जिला बनाया गया. इसके बाद सभी सरकारी कार्यालय भंडारा जिले से अलग कर गोंदिया में शुरू किए गए. लेकिन, जिले के निर्माण के 24 वर्षों की अवधि के बाद भी, खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग, जो सीधे सार्वजनिक स्वास्थ्य से संबंधित है, का पूर्णकालिक कार्यालय गोंदिया में शुरू नहीं हुआ है. ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार लोगों के स्वास्थ्य के प्रति कितनी सजग है. आज भी गोंदिया जिले में खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग का कामकाज भंडारा स्थित कार्यालय से संचालित हो रहा है.
जनता की मांग पर कुछ साल पहले गोंदिया में एक कैंप कार्यालय शुरू किया गया था. उस कार्यालय के लिए एक सहायक आयुक्त (औषधि), एक सहायक आयुक्त (खाद्य) और एक क्लर्क के पद स्वीकृत किए गए थे. लेकिन, उक्त पद आज तक नहीं भरे गए हैं. उक्त कार्यालय सप्ताह में केवल दो दिन ही खुलता है. जबकि सारा कामकाज भंडारा कार्यालय से संचालित होता है. उल्लेखनीय है कि भंडारा कार्यालय में भी कई स्वीकृत पद खाली पड़े हैं.
भंडारा कार्यालय के दो खाद्य निरीक्षक गोंदिया जिले के प्रभारी हैं. औषधि निरीक्षक के पास दोनों जिलों का प्रभार होने के कारण वह यहां ध्यान नहीं देते हैं. खाद्य व औषधि प्रशासन सीधे जनता से संबंधित है. लेकिन, स्टाफ की कमी के कारण फिलहाल इस विभाग का कोई संरक्षक नहीं है. गोंदिया जिले की जनसंख्या लगभग 14 लाख है. लेकिन, इस जिले के लिए केवल दो खाद्य निरीक्षक और एक औषधि निरीक्षक के पद बहुत कम हैं.
इसी तरह यदि किसी घटना की जानकारी भंडारा कार्यालय के अधिकारियों तक पहुंचती है. जिससे उन्हें गोंदिया आने तक काफी समय बीत जाता है. अगर 24 साल बाद भी एक पूर्णकालिक जिले में कार्यालय शुरू नहीं हो सका, तो इसे सरकार की अनदेखी ही कहा जाएगा.

# शहर के पुराने रामनगर पुलिस स्टेशन में लगी आग

**गोंदिया.** शहर के पुराने रामनगर पुलिस स्टेशन में रात करीब 12 बजे भीषण आग लग गई. इस आग में दो जब्त कारें जलकर खाक हो गईं. गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई. पुलिस स्टेशन को नई बिल्डिंग में शिफ्ट करते ही इस खाली बिल्डिंग में यह आग लग गई. इसी के चलते कोई भी सरकारी दस्तावेज क्षतिग्रस्त नहीं हुआ. माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी होगी. आग की सूचना नगर परिषद प्रशासन को दी गयी. दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया.



# बलात्कार और हत्या का मामला, मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**बुलढाणा.** कल्याण में नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न और हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी विशाल गवली को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने आरोपी को शेगांव से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार आरोपी विशाल गवली अपनी पत्नी के गांव में छिपा हुआ था। पुलिस ने आरोपी को उसकी पत्नी के गांव, शेगांव से गिरफ्तार कर लिया है। कल्याण पूर्व से 13 वर्षीय लड़की के यौन उत्पीड़न और हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस अपराध की जानकारी सीसीटीवी से मिली है। यह लड़की खाना लेने दुकान पर गई थी। सीसीटीवी में दिख रहा है कि जब वह वापस लौट रही थी तो विशाल ने उसे जबरन उठाया और रिक्शे में धकेल दिया। मुख्य आरोपी विशाल गवली ने तीन शादियां की थीं और उस पर कई आपराधिक आरोप थे। सीसीटीवी फुटेज से अपराध का खुलासा हुआ, जिसमें विशाल लड़की को जबरन रिक्शा में ले जाता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और मामले की गहराई से जांच करेगी। पुलिस ने यातना मामले में कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुख्य संदिग्ध विशाल गवली को उसकी पत्नी सहित शेगांव से हिरासत में ले लिया है।

# ओवरलोड वाहनों से सड़कें बदहाल

**गोंदिया.**



जिले के अधिकांश मार्गों का चौड़ाईकरण होने के बाद से वाहनों की गति बढ़ गई है. सड़क अच्छी होने की वजह से अब अनेक कंपनी वाले कम लागत में अधिक माल ढुलाई के लिए वाहनों में ओवरलोड माल भर रहे हैं.
इसकी वजह से सड़कें बदहाल हो रही है. साथ ही वाहनों के हेडलाइट से छोटे वाहन चालकों की आंखें चुंधिया जाने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है. जिससे ओवरलोड परिवहन बंद कर वाहनों के आधे हेडलाइट में काली फिल्म लगाने की मांग की जा रही है. जिले में धान मिलिंग, रेती तस्करी, गिट्टी, ईट, सीमेंट उद्योग किया जाता है. सड़क मार्ग से ट्रकों की सहायता से माल ढुलाई की जाती है. लेकिन कई ट्रांसपोर्टर कम खर्च में अधिक माल ढुलाई के उद्देश्य से वाहनों में ओवरलोड माल भरते हैं. जो कि सड़कों की क्षमता से कई गुना अधिक होता है.
इसकी वजह से सड़कों की हालत बदहाल होती जा रही है. लेकिन इस ओर वाहन मालिक अथवा ट्रांसपोर्टर कोई ध्यान नहीं देता है. परिणामस्वरूप दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है. रात के समय पर अधिकांश वाहनों की गति अधिक होती है.
महामार्ग की सड़क के डिवाइडर पर कई जगहों पर पौधारोपण नहीं किया है. इसकी वजह से दोनों दिशा से आने वाले वाहनों की हेडलाइट का प्रकाश एक दूसरे की आंखों पर पड़ता है. इसकी वजह से चालक की आंखे चुंधिया जाने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है. यदि वाहनों के हेडलाइट के आधे हिस्से में काली फिल्म लगा दी जाए तो इस प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सकता है.

### शहर के बाहर अघोषित पार्किंग जोन

❍ अनेक ट्रांसपोर्टरों ने शहर के बाहर अघोषित पार्किंग जोन बना लिया है. शहर के बाहर ही अपने ट्रकों को खड़ा कर देते है. इस वजह से वाहनों के दुर्घटना की संभावना बनी रहती है. इसलिए इस प्रकार के अघोषित पार्किंग जोन पर पाबंदी लगाने की मांग की गई है.

# यूनिवर्सिटी परिसर में तेंदुए का शावक

## सुरक्षा गार्ड पर हमला करने का किया प्रयास

**अमरावती.**

विश्वविद्यालय परिसर में एक तेंदुए के बच्चे ने सुरक्षा गार्ड पर हमला करने की कोशिश की. गनीमत रही कि सुरक्षा गार्ड अपना बचाव करने में सफल रहा। उसने वन विभाग को इस बात की सूचना दी. वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने तेंदुए के बच्चे को रेस्क्यू कर लिया.
यूनिवर्सिटी के पीछे जंगल क्षेत्र में हमेशा तेंदुए घूमते रहते हैं। इससे पहले भी तेंदुए ने यूनिवर्सिटी परिसर में खूब उत्पात मचाया था. इसलिए विश्वविद्यालय क्षेत्र में सुबह टहलने वालों की संख्या कम हो गई है। विश्वविद्यालय के पीछे स्टार कंपाउंड होने के कारण विश्वविद्यालय परिसर में हमेशा जंगली जानवर नजर आते रहते हैं। मंगलवार की सुबह जब सुरक्षाकर्मी यूनिवर्सिटी के गेस्ट हाउस इलाके में ड्यूटी पर थे तभी एक तेंदुए के शावक ने अचानक उन पर हमला करने की कोशिश की. लेकिन जब सुरक्षा गार्ड ने अपने बचाव में चिल्लाया तो तेंदुए का शावक गेस्ट हाउस से सटे वन क्षेत्र में भाग गया.
सुरक्षा गार्डों ने वरिष्ठों को सूचित किया और उन्होंने इसे वन विभाग को दे दिया। वन विभाग की रेस्क्यू टीम पिंजरा लेकर यूनिवर्सिटी परिसर पहुंची और तेंदुए के बच्चे का निरीक्षण किया. दोपहर करीब 2 बजे जैसे ही गेस्ट हाउस में तेंदुए के बच्चे पर नजर पड़ी तो उसे रेस्क्यू कर वडाली के वन क्षेत्र में ले जाया गया.



## पानी, लाइट की समस्याओं के निराकरण की मांग

**कन्हान.**

नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों में पीने का स्वच्छ पानी तथा पानी की मुख्य टंकी को साफ सफाई तथा ब्लीचिंग पाउडर डालकर स्वच्छ रखने तथा महामार्ग के स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण वाहन चालक तथा आने जाने वाले राहगीरों को डर सा व्याप्त रहता है. साथ ही अंधेरा होने के कारण कोई भी अप्रिय घटना होने की संभावना रहती है. सब्जी बेचने वाले साप्ताहिक बाजार अंधेरा व्याप्त होने के कारण नागरिकों को परेशानी होती है.

उपरोक्त जन समस्या को लेकर प्रतिनिधि मंडल ने लिखित निवेदन नगर परिषद के मुख्य अधिकारी दीपक घोडके को सौंपकर समस्याओं के निवारण की मांग की है. प्रतिनिधि मंडल में प्रशांत मसार, मधुकर गणवीर, दीपक तिवाडे, विनोद येलमुले, लाला कडनायके, मोरेश्वर भोयर, विनोद आगुटलेवार ने चेतावनी दी है कि समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है तो आंदोलन किया जाएगा.

# विदर्भ में 27-28 दिसंबर के दौरान ओलावृष्टि

> गरज के साथ बारिश का अनुमान, 30 दिसंबर से बढ़ेगी ठंड

**नागपुर.**



मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि 27-28 दिसंबर के दौरान मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और विदर्भ में ओलावृष्टि और गरज के साथ बारिश होगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि 27 दिसंबर को दोपहर से गरज के साथ बारिश सबसे पहले नंदुरबार, धुले, जलगांव, अहिल्यानगर जिलों सहित दक्षिण मराठवाड़ा, पुणे और नासिक जिलों के पूर्वी हिस्सों में शुरू होगी।

इसके साथ ही शुक्रवार रात तक, बुलढाणा, अकोला, वाशिम, अमरावती, छत्रपति संभाजीनगर, जालना, परभणी, हिंगोली और बीड जिलों सहित पश्चिम विदर्भ और पड़ोसी मराठवाड़ा में तूफान आएगा। इन भागों में कुछ हद तक ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है। मध्य महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों और मराठवाड़ा के बाकी जिलों में भी गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। 28 दिसंबर की सुबह तक तूफानी बारिश पूर्व की ओर बढ़ेगी और विदर्भ के अन्य जिलों में भी दस्तक देगी। इसमें यवतमाल, वर्धा, नागपुर, भंडारा, गोंदिया और चंद्रपुर जिले शामिल हैं।

इन भागों में कुछ ओलावृष्टि की संभावना है। इस दिन भी पश्चिम विदर्भ और पड़ोसी मराठवाड़ा के कुछ हिस्सों में बारिश की स्थिति बनी रहने की संभावना है। इस दिन कुल मिलाकर विदर्भ और मराठवाड़ा में मौसम साफ रहने से अधिकतम तापमान में थोड़ी कमी आने की संभावना जताई गई है।

### 30 दिसंबर से बढ़ेगी ठंड

विदर्भ और मराठवाड़ा में कुछ अलग-अलग स्थानों को छोड़कर, राज्य के अधिकांश हिस्सों में 29 दिसंबर को मौसम स्थिर रहेगा और 30 दिसंबर से ठंड बढ़ जाएगी। किसानों से अनुरोध है कि वे इस मौसम की स्थिति के अनुसार योजना बनाएं। जानवरों और कटी हुई फसलों को बारिश, ओले और हवा से बचा कर रखें। तूफान की स्थिति में पेड़ों के नीचे, खुले स्थान पर, टिन शेड के नीचे, बिजली के तारों के नीचे या बिजली लाइनों के पास शरण न लेने की कृषि विभाग ने अपील की है।




## बीकेसीपी स्कूल में वार्षिक क्रीडा महोत्सव आयोजित

**कन्हान.**

बीकेसीपी स्कूल में आयोजित वार्षिक क्रीडा महोत्सव संपन्न हुआ. जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने स्कूल प्रतियोगिता में रस्सी खींच दौड़ प्रतियोगिता, नृत्य स्पर्धा लड़कियों ने प्रस्तुत किया. खिलाड़ियों ने खेलों का अच्छा प्रदर्शन किए जाने से पालक तथा उपस्थित नागरिकों तथा शिक्षकों ने प्रशंसा की. जिसमें एन.आय.एस. कोच क्रीडा शिक्षक अमित सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया गया. आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख राजेश आबुलकर सर ने मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम में ज्ञानपीठ हाई स्कूल तथा जूनियर कॉलेज नागपुर की सेवा निवृत मुख्याध्यापिका जाईबाई चौधरी प्रमुख अतिथि तथा स्कूल की संचालक समिति की श्रीमती पुष्पा गैरोला, अशोक भाटिया, हाई स्कूल की मुखयधिपिका कविता नाथ, प्राइमरी स्कूल की मुख्याध्यापिका रूमाना तुरक के प्रमुख हस्ते खिलाड़ियों को इनाम देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका ज्योत्सना लांजेवार, सविता वानखेडे ने एवं समिक्षा बादुले ने आभार प्रदर्शन व्यक्त किया.

## नागपुर में पुलिस ने एप्पल कंपनी के नकली उत्पादों का किया भंडाफोड़

> डेढ़ करोड़ से ज्यादा रुपए का माल बरामद

**नागपुर.**




शहर में पुलिस ने एप्पल कंपनी के नाम से नकली उत्पादों की बिक्री करने वाले 6 दुकानदारों का भंडाफोड़ किया है। क्राइम ब्रांच के एनडीपीएस दस्ते ने सीता बर्डी और धंतोली पुलिस थाना अंतर्गत स्थानीय पुलिस टीम के साथ मिलकर इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया, इस कार्रवाई के दौरान एक करोड़ 57 लाख रूपयों के माल को भी जब्त किया गया है।

क्राइम ब्रांच के एनडीपीएस दस्ते के पुलिस निरीक्षक गजानन गुल्हाने की अगुवाई में, पुलिस ने एप्पल कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि मृणाल महेश चंद्र अग्रवाल और के साथ मिलकर इस रैकेट का पर्दाफाश किया। मृणाल अग्रवाल, पांच साल से एप्पल कंपनी के कानूनी सलाहकार के रूप में काम कर रहे हैं, उन्हें सिताबर्डी क्षेत्र में कुछ दुकानदारों के पास नकली एप्पल कंपनी के उत्पादों के बिक्री करने और बड़ी मात्रा में स्टॉक रखे जाने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने उनकी शिकायत के बाद जब छापा मारा तो मौके से एक करोड़ 57 लाख से अधिक मूल्य का नकली सामान जब्त किया, जिसमें मोबाइल कवर, बैटरी, स्पेयर पार्ट्स, और अन्य उत्पाद शामिल थे। इन वस्तुओं पर एप्पल कंपनी का लोगो और नाम अंकित था, जो कि नकली थे। इस दौरान 6 दुकानदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उनके पास से एक करोड़ 57 लाख रुपए से अधिक के नकली माल को भी जप्त किया गया है। धंतोली थाना अंतर्गत राहुल बाजार हनुमान गली में एनएमजी नामक दुकान के मालिक नावेद अहमद पर पहली कार्रवाई हुई जहां से पुलिस ने करीब 47 लाख रुपयों का एप्पल कंपनी का नकली माल पकड़ा। इसके साथ ही सीताबर्डी के राज मोबाइल शॉप में अमित इसरानी के यहां से करीब साढ़े 10 लाख का माल बरामद किया गया।

नागणेची टेलीकॉम नामक मोबाइल दुकान के मालिक कल्याण सिंह के यहां से करीब 31 लाख रुपये का नकली माल मिला। दिया मोबाइल्स के मालिक प्रज्वल जरूडकर के यहां से साडे 32 लाख, श्री रामदेव मोबाइल एसेसरीज के मालिक जेपाराम चौधरी के यहां से करीब 41 लाख और चामुंडा मोबाइल्स नामक दुकान के मालिक भीमराव चौधरी के पास से करीब 42 लाख रूपयों के नकली एप्पल कंपनी के माल को पुलिस ने पकड़ा है. इस मामले में आगे की जांच जारी है और पुलिस ने संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है।



## क्रिसमस पर शायदा खान ने चर्च में जाकर मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी

**नागपुर.**

पावन पर्व क्रिसमस डे के अवसर पर, प्रभु येशु मसीह के जन्मदिन पर, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश सचिव और गरीब नवाज खिदमत कमेटी की मुख्य संयोजक शायदा बेगम अहमद खान चिश्ती ने शत मार्टिन चर्च में जाकर प्रभु येशु मसीह को नमन किया। इस मौके पर उन्होंने मुल्क में अमन-चैन और आपसी भाईचारे के कायम रहने की दुआ मांगी।

शायदा खान ने ईसाई समुदाय के लोगों को प्रभु येशु मसीह के जन्मदिन की बधाई दी और मिठाई बांटी। शत मार्टिन चर्च की ओर से पुष्प गुच्छा देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर गरीब नवाज खिदमत कमेटी के अध्यक्ष आहद खान कादरी, असहद खान कादरी, कु. माधुरी, लरेंस डिसूजा, हरि विलसन, मिनाक्षी, अर्चना, तिवारी मैम, रमेश मेश्राम, शेख रेहाना, अतीक कुरैशी और अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

## रविदास नगर में गुरु घासीदास बाबा जयंती मनाई गई

**कामठी.**

रविदास नगर में नवयुवक सतनामी समाज जनजागृति मंडल की ओर से गुरु घासीदास बाबा की 268वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. गुरु घासीदास बाबा की जयंती समारोह का शुभारंभ महाराष्ट्र राज्य के नवनियुक्त राजस्व मंत्री चन्द्रशेखर बावनकुले ने गुरु घासीदास बाबा की छवि पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पमाला अर्पित कर किया.

कार्यक्रम का मार्गदर्शन करते हुए राजस्व मंत्री चन्द्रशेखर बावनकुले ने कहा कि सतनामी समाज के युवाओं को पूज्य गुरु घासीदास बाबा के आदर्श पर चलकर समाज में कार्य करना चाहिए और कहा कि मैं समाज की समस्या का समाधान कर सभी समाज के नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करूंगा. इस मौके पर भाजपा ज़िला महामंत्री व ज़िला परिषद पूर्व सदस्य



अनिल निधान, ज़िला परिषद सदस्य मोहन माकडे, कामठी तालुका भाजपा अध्यक्ष उमेश रडके, येरखेड़ा ग्राम पंचायत सरपंच सरिता मधुकर रंगारी, रणाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबळे, येरखेडा के पूर्व सरपंच मनीष कारेमोरे, पूर्व सरपंच मंगला कारेमोरे, ईश्वरसिग चौधरी, एड. आशिष वंजारी, सतनामी समाज अध्यक्ष कुमार धीवले, सचिव छोटू चंदनिया, बिरसाद जोगी, गजानन तिरपुडे, ग्राम पंचायत सदस्य नरेश मोहबे, राजश्री धीवले, जेटू चंदनिया, लक्ष्मीनारायण दिवले, समयाराम देशलहरे, राम दिवले, गजानन बोरबस, भरतलाल भटपारी, परसराम पटेल, नंदू सोनवणे, चंदू वंजारे, कार्तिक वंजारे, ओमप्रकाश देशलहरे, अर्जुन खैरे, नरेश बांधते, मधुकर कोसरीया, सरस्वती कोसरीया, प्रकाश रातरे, रामचरण पटेल, राजन कोसरीया, डॉ.पवनकुमार देशलहरे, रामेश्वरी पटेल, छाया खैरे, मालती कुरे, शकुंतला धीवरे, सुनीता जोगी, सुषमा चंदनिया, शत्रुपा डहरे आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से उपस्थित थे. कार्यक्रम में प्रस्तावना अध्यक्ष कुमार धीवले ने एवं ग्राम पंचायत सदस्य राजश्री धीवले ने संचालन और आभार प्रदर्शन जेटू चंदनिया ने व्यक्त किया.



## संत गाडगे महाराज की 68वीं पुण्यतिथि महोत्सव का आयोजन

**सौंसर.**

वार्ड नंबर 12 स्थित गाडगे महाराज मंदिर परिसर में सौसर संत गाडगे महाराज सेवा संस्थान समिति द्वारा संत गाडगे महाराज की 68वीं पुण्यतिथि महोत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। यह दो दिवसीय पुण्यतिथि महोत्सव में मंगलवार को स्वच्छता अभियान और कलश स्थापना के बाद मूर्ति का अभिषेक किया गया। गोदावरी उपासनी स्वाध्याय कन्या केंद्र द्वारा मंत्र पाठ कर कलश पूजन भी किया गया।

बुधवार को महोत्सव के दूसरे दिन सुबह 9:00 बजे भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायिका अनीता बाई बोडखे ने अपनी मधुर आवाज में भजनों का गायन किया। इसके बाद 12:30 बजे हरि भक्त परायण सोपान महाराज बोडखे द्वारा कीर्तन का आयोजन हुआ। अपने कीर्तन में सोपान महाराज ने संत गाडगे महाराज के जीवन और उनके कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराज एक प्रगतिशील संत थे, जो स्वच्छता और ज्ञान के महत्व को समय-समय पर लोगों को बताते थे। कीर्तन समापन के बाद प्रसाद का आयोजन भी किया गया, जिसमें नागरिक और महिला वर्ग के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस आयोजन में समाज के विभिन्न लोग भी शामिल हुए और संत गाडगे महाराज के योगदान को याद किया।

## अनुबंधित बस यूनियन की बैठक में नागरिकों और प्रशासन ने लिया निर्णय

**सौंसर.**



नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर चलने वाली अनुबंधित बसों से जुड़े मुद्दों पर सौसर में नागरिकों और प्रशासन की बैठक हुई। मंगलवार को सौसर के यात्रियों को सीट नहीं मिलने और उनके साथ अभद्र व्यवहार करने के मामले में बस स्टैंड पर जमकर हंगामा हुआ था। इस मामले को लेकर आज सौसर पुलिस थाना में बैठक आयोजित की गई, जिसमें नागरिकों ने प्रमुख मुद्दे उठाए।

नागरिकों ने बताया कि नागपुर से चलने वाली बसों में यात्रियों को सीट नहीं दी जाती और महिलाओं तथा बुजुर्ग यात्रियों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया जाता है। इसके साथ ही किराया भी अधिक वसूला जा रहा है। बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गई और निर्णय लिए गए। बैठक में एसडीओपी डीवीएस नागर, आरटीओ अधिकारी राजेंद्र साहू, थाना प्रभारी सौसर ए.बी. मर्सकोले, जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड़, नपा उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे, और बस यूनियन के सदस्य उपस्थित थे। नागरिकों ने यह भी शिकायत की कि बसें परमिट के अनुसार संचालित नहीं हो रही हैं, जिस पर आरटीओ अधिकारी ने जांच के बाद कार्यवाही की बात कही। बैठक में बस संचालकों को कई निर्देश दिए गए। एसडीओपी ने कहा कि सभी अनुबंधित बसों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। बसों में सीटें 'प्रथम आए, प्रथम पाए' के आधार पर दी जाएं। यात्रियों से अधिक किराया वसूलने की शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, बसों में चालक और परिचालक के लिए ड्रेस कोड लागू किया जाएगा। बस स्टैंड पर एजेंटों से यात्रियों को सम्मान देने को भी कहा गया। एसडीओपी ने इस आदेश का पालन करने के लिए सात दिनों का समय दिया और कहा कि अगर निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। निर्देशों का पालन नहीं करने पर सख्त कार्यवाही का अलर्ट.

## पुलीस पाटील मनोज मेहुने विभागीय अध्यक्ष नियुक्त



**पारशिवनी.** पुलीस पाटील संघटना महाराट्र राज्य संघटना के राज्य कार्यकारीणी सदस्य तथा कळमेश्वर तहसिल के उबाली गाव के पुलीस पाटील मनोज मेहुने व्दारा आज तक संघटना के लिए तथा पुलीस पाटीलों के लिए किये गये सराहनीय कार्य को ध्यान में रखते हुये, उनकी पुलीस पाटील संघटना महाराट्र राज्य के विदर्भ विभागीय अध्यक्ष के रूप में नियुक्ती कि गयी है. यह नियुक्ती संघटन के अध्यक्ष दीपक पालीवाल व्दारा हाल ही में की गयी है. मनोज मेहुने के विभागीय अध्यक्ष नियुक्त नियुक्त किए पर बेनीराम राऊत, संजय कटकमवार, केवलराम चाफले, सोपान शेंडें, योगेश लांजेवार, रामराव उके, राजु जोगी, मारोती ठाकरे, गुंडेराव चकोले, सिमा कळमकर, मिना शेरकी, साझीया शेख, श्रावण हटवार, नारायण कारेमिरे, बाळकृष्ण चौधरी, मनिष बुलकुंडे, विशाल भोयर, बाबाराव जोगी, मनोहर दियेवार, रविंद्र बगमारे, रमेश नाटकर, भारत वंजारी आदि ने उनका अभिनंदन किया.



## संविधान चौक बनाने की मांग को लेकर बौद्ध-आंबेडकरी अनुयायियों ने नगर परिषद को सौंपा ज्ञापन

**सौंसर.**

बौद्ध-आंबेडकरी अनुयायियों और सामाजिक संगठनों द्वारा नगर परिषद को ज्ञापन सौंपकर नगर के डॉ आंबेडकर वार्ड स्थित बाजार चौक में संविधान चौक बनाने की मांग की गई। ज्ञापन में यह सुझाव दिया गया कि बाजार चौक के पुराने अस्पताल के गेट के समीप स्थित रिक्त स्थान पर संविधान चौक का निर्माण किया जाए।

ज्ञापन सौंपते समय संविधान चौक के निर्माण की मांग को लेकर बौद्ध अनुयायियों की एक बड़ी संख्या उपस्थित थी। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे, प्रभारी सीएमओ राजस्व निरीक्षक रमन बागडे और डॉ आंबेडकर वार्ड के पार्षद प्रणय गजभिए भी मौजूद थे। ज्ञापन सौंपने वालों में भारतीय बौद्ध महासभा, समता सैनिक दल, रमाबाई/ रमाई अंबेडकर महिला मंडल, डॉ आंबेडकर नवयुवक मंडल, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर गृह निर्माण समिति, बोधिसत्व विकास समिति, बुद्ध धम्म प्रचार समिति, बौद्ध नवयुवक युवक युवती परिचय सम्मेलन समिति, सुजाता महिला मंडल, अन्नाभाऊ साठे संगठन, गोंडवाना संगठन, भीम आर्मी सहित अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, सदस्यगण और अनुयायी शामिल थे।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 345-2 | 367-6 |
| श्रीदेवी नाईट | 220-4 | 467-7 |
| प्रभात | 340-7 | 190-0 |
| प्रभात नाईट | 245-1 | - |
| डायमंड | 189-8 | 134-8 |
| मेन बाजार | 267-5 | - |
| मिलन डे | 134-8 | 900-9 |
| मेन रतन | 389-0 | 156-2 |
| कल्याण | 199-9 | 345-2 |
| राजधानी डे | 180-9 | 356-4 |
| राजधानी नाईट | 468-8 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 147-2 | 780-5 |

# निकाय चुनाव में क्या होगा महायुति का फार्मूला

> प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले ने किया खुलासा

**नागपुर.**

विधानसभा चुनाव में महायुति को भारी बहुमत मिला, वहीं महाविकास अघाड़ी को हार का सामना करना पड़ा। चुनाव के बाद राज्य में एक बार फिर महागठबंधन की सरकार बनी। इसके बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया और विभागों का बंटवारा किया गया। लेकिन अब स्थानीय सरकार के चुनाव, जो पिछले कुछ वर्षों से रुके हुए हैं, अगले कुछ महीनों में होने की संभावना है। इस पृष्ठभूमि में, यह स्पष्ट है कि सभी राजनीतिक दलों ने पहले ही तैयारियां शुरू कर दी हैं। हालांकि, क्या विधानसभा चुनाव की तरह महायुति मिलकर लड़ेगा या अलग-अलग? इस पर अभी तक कोई स्पष्टता नहीं है। अब महायुति के नेता इस मामले पर टिप्पणियां कर रहे हैं।

बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने



स्थानीय निकाय चुनाव और महायुति फॉर्मूले को लेकर बड़ी टिप्पणी की। आगामी स्थानीय सरकार के चुनाव कैसे लड़े जाने चाहिए, एक साथ या स्वतंत्र रूप से? चंद्रशेखर बावनकुले ने स्पष्ट किया, "इस संबंध में निर्णय हमारे जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा लिया जाएगा और भाजपा भी यही निर्णय लेगी।"

### चंद्रशेखर बावनकुले ने क्या कहा?

चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा,"जनवरी के पहले सप्ताह में सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी आरक्षण को लेकर सुनवाई अंतिम चरण में है। यदि इस पर निर्णय जनवरी में हो जाता है तो मुझे लगता है कि चुनाव आयोग मार्च-अप्रैल तक स्थानीय निकाय चुनाव करा लेगा। हालांकि, अगर सुप्रीम कोर्ट कोई फैसला देता है तो यह मार्च-अप्रैल तक किया जा सकता है।"

### महायुति का फॉर्मूला क्या होगा?

स्थानीय निकाय चुनावों के लिए महायुति का फॉर्मूला क्या होगा? इस संबंध में बोलते हुए चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, "स्थानीय स्वशासन निकाय चुनावों में हमारे स्थानीय पदाधिकारी हैं। वे जो भी निर्णय लेंगे, हमारा गठबंधन निर्णय लेगा। हम राज्य पर कोई निर्णय नहीं थोपेंगे। इसके अलावा, स्थानीय सरकार के चुनावों के संबंध में कोई निर्णय राज्य द्वारा नहीं लिया जाएगा। चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, "मैं अब मीडिया को बता रहा हूं कि भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों के संबंध में वही निर्णय लेगी जो हमारे जिला स्तर के पदाधिकारी लेंगे।"



## मेथोडिस्ट चर्च में प्रार्थना कर क्रिसमस दिवस उत्साह से मनाया

**कामठी.**

क्रिसमस दिवस के अवसर पर मैथोडिस्ट चर्च नया गोदाम में विशेष प्रार्थना-पूजा का आयोजन किया गया. मैथोडिस्ट चर्च के अध्यक्ष फादर प्रकाश पाल कमलापुरे की प्रमुख उपस्थिति में क्रिसमस दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर चर्च के सचिव महेंद्र भगवे, शैलजा जुनाथन, संतोष कुमार ज्ञानिक, सतीश फुले, मोजेस फुले, रवि छत्रिय, नागसेन बे नेलोर सहित बड़ी संख्या में समुदाय के सदस्य और नागरिक उपस्थित थे.